गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के लॉ स्कूल में दीपावली फ़ेस्ट - प्रज्ज्वलन 2024 का उत्सव सम्पन्न हुआ

जीबीयू में दीपावली मेला, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुओं के लगे स्टॉल

ग्रेटर नोएडा, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेंस के प्रांगण में स्कूल कल्चरल कमिटी ने शुक्रवार को दिवाली मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेले में मुख्य आकर्षण के रूप में हस्तकला से संबंधित सजावट की सामग्री, स्वदेशी वस्तुएं,

विभिन्न प्रकार के व्यंजन और मनोरंजक खेल आदि के स्टॉल छात्र-छात्राओं तथा समाज के वंचित वर्गों से संबद्ध लोगों द्वारा लगाए गए। मेले का उद्घाटन स्कूल के डीन डॉ. के. के. द्विवेदी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय पुस्तकालय से डॉ. माया देवी तथा विभिन्न विभागों से डॉ. दीप्ति गोयल, डॉ. तन्वी वत्स, डॉ. अल्पा, डॉ. विदुषी, डॉ. माधुरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम के गौरव को बढ़ाया। कार्यक्रम का सफल आयोजन स्कूल के अधिष्ठाता डॉ. के. के. द्विवेदी तथा विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार तिवारी, अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुमित्रा होईड्रोम के सानिध्य में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रकाश चंद्र दिलारे, डॉ. प्रियंका सिंह और डॉ. अखिलेश कुमारी द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में लॉ स्कूल के बीएएलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। दिवाली के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों डॉ. ममता शर्मा, डॉ. पूनम यादव, डॉ. विक्रम करुणा, डॉ. सतीश चंद्रा, डॉ. अनीता यादव, सुजाता, मिस सौम्या, सागर, उत्कर्ष तथा विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।